रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-02092025-265893
CG-DL-E-02092025-265893

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

| | |
|---|---|
| सं. 3904] | नई दिल्ली, मंगलवार, सितम्बर 2, 2025/भाद्र 11, 1947 |
| No. 3904] | NEW DELHI, TUESDAY, SEPTEMBER 2, 2025/BHADRA 11, 1947 |


## वित्त मंत्रालय

## (राजस्व विभाग)

## (केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड)

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 2 सितम्बर, 2025

**का.आ. 4009(अ).—** केन्द्र सरकार, आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 के खंड (46) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतत्द्वारा, उक्त खंड के प्रयोजनों के लिए 'रबींद्र सेतु आयुक्त' कोलकाता (पैन-AABTT2734P), हावड़ा ब्रिज (संशोधन) अधिनियम, 1965 (1965 का पश्चिम बंगाल अधिनियम XII) के तहत स्थापित एक निकाय को होने वाली निम्नलिखित विनिर्दिष्ट आय के संबंध में अधिसूचित करती है, अर्थात: -

(क) नगर पालिकाओं/नगर निगमों और रेलवे के करों से प्राप्त आय;

(ख) किराया और रखरखाव शुल्क से विविध आय, ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने से प्राप्त आय, मार्ग किराया, वसूली योग्य क्षति लागत; और

(ग) बैंक जमा पर अर्जित ब्याज।

2. यह अधिसूचना निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रभावी होगी 'रबींद्र सेतु आयुक्त' कोलकाता:-

(क) किसी भी वाणिज्यिक गतिविधि में लिप्त नहीं होगी;

(ख) गतिविधियाँ और विनिर्दिष्ट आय की प्रकृति पूरे वित्तीय वर्ष में अपरिवर्तित रहेगी; और

(ग) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 139 की उप-धारा (4ग) के खंड (छ) के प्रावधान के अनुसार आयकर रिटर्न दाखिल करेगी।

3. यह अधिसूचना क्रमशः वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25, 2025-26, 2026-27 और 2027-28 के लिए संबंधित कर निर्धारण वर्ष 2024-25, 2025-26, 2026-27, 2027-28 और 2028-29 के लिए लागू मानी जाएगी।

[अधिसूचना सं. 143/2025/फा. सं. 300196/12/2025-आईटीए-I]

मीनाक्षी सिंह, उप सचिव

**व्याख्यात्मक ज्ञापन**

यह प्रमाणित किया जाता है कि इस अधिसूचना को पूर्वव्यापी प्रभाव देने से किसी भी व्यक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

**MINISTRY OF FINANCE**

**(Department of Revenue)**

(CENTRAL BOARD OF DIRECT TAXES)

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 2nd September, 2025

**S.O. 4009(E).—** In exercise of the powers conferred by clause (46) of section 10 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies for the purposes of the said clause, ‘The Commissioners for the Rabindra Setu’ Kolkata, (PAN AABTT2734P), a body established under the Howrah Bridge (Amendment) Act, 1965 (West Bengal Act XII of 1965), in respect of the following specified income arising to that body, namely:

(a) Proceeds from Taxes of Municipalities / Municipal Corporation and Railways;

(b) Miscellaneous income from Rental and Maintenance charge, income for laying optical fibre cable, way leave rent, Damage cost recoverable; and

(c) Interest earned on bank deposits.

2. This notification shall be effective subject to the conditions that ‘The Commissioners for the Rabindra Setu’ Kolkata: -

(a) shall not engage in any commercial activity;

(b) activities and the nature of the specified income shall remain unchanged throughout the financial years; and

(c) shall file return of income in accordance with the provision of clause (g) of sub-section (4C) of section 139 of the Income-tax Act, 1961.

3. This notification shall be deemed to have been applied for assessment years 2024-25, 2025-26, 2026-27, 2027-28 & 2028-29 relevant to financial years 2023-24, 2024-25, 2025-26, 2026-27 & 2027-28 respectively.

[Notification No. 143/2025/F. No. 300196/12/2025-ITA-I]

MEENAKSHI SINGH, Dy. Secy.

**Explanatory Memorandum**

It is certified that no person is being adversely affected by giving retrospective effect to this notification.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054. SARVESH KUMAR SRIVASTAVA